हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 30 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 15.1 डिग्री
न्यूनतम 7.2 डिग्री

11 सेंसेस असेसमेंट परीक्षा-2 में दिखाई प्रतिभा



12 विधायक ने जनता दरबार में सुनीं लोगों की समस्याएं



## खबर संक्षेप

### जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक कल

**सोनीपत।** उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि जिला के आमजन की शिकायतों और समस्याओं के समाधान हेतु जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 31 दिसंबर को सुबह साढ़े ग्यारह बजे पंचायत भवन स्थित जिला परिषद हॉल में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सरकार के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री तथा जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष गौरव गौतम करेंगे। बैठक के दौरान आमजन की समस्याएं सुनते हुए उनके त्वरित समाधान के लिए दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

### अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट वेस्ट सोनीपत की टीम ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत अवैध हथियार की घटना में संलिप्त एक आरोपित को देशी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान अनस निवासी शिव कॉलोनी सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस अनुसार 28 दिसंबर को सहायक उप निरीक्षक प्रवेश अपनी टीम के साथ विवेकानंद चौक के पास गश्त पर थे, तभी सूचना मिली कि अनस सेक्टर 15 आउटर रोड पर आर्य समाज मंदिर के पास अवैध पिस्तौल सहित खड़ा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे काबू किया और तलाशी के दौरान उसकी पैंट से 12 बोर की देशी पिस्तौल बरामद हुई। मामले में शस्त्र अधिनियम के तहत थाना सेक्टर-27 में अभियोग दर्ज किया गया। क्राइम यूनिट वेस्ट की टीम ने आगे की कार्रवाई करते हुए आरोपित को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना सिविल लाइन पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना में संलिप्त एक आरोपित को गिरफ्तार कर चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपित की पहचान अमित निवासी गांव उद्देशिपुर, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। प्रकरण में आशीष पुत्र राजेश निवासी गांव देहरा पानीपत ने 26 दिसंबर को शिकायत दी थी कि वह सिक्का कॉलोनी सोनीपत में प्रॉपर्टी डीलर के पास कार्यरत है और 25 दिसंबर को उसने अपनी मोटरसाइकिल कार्यालय के बाहर खड़ी की थी, जो शाम को गायब मिली। शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत थाना सिविल लाइन में अभियोग दर्ज किया गया। सहायक उप निरीक्षक प्रवीन ने आरोपी को पकड़ा।

### रविवार रात से ही छाने लगा था कोहरा, सुबह दृश्यता केवल पांच मीटर रही, दोपहर बाद मिली कुछ राहत

# जानलेवा कोहरा : ककरोई के पास ट्रक ने ईको को टक्कर मारी, चालक की मौत, दो महिलाओं सहित 11 लोग घायल

## गलत दिशा से आ रहा था ट्रक हादसे के बाद चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नेशनल हाईवे-344पी पर गांव ककरोई के समीप सोमवार सुबह हुए सड़क हादसे में ईको वैन चालक की मौत हो गई, जबकि दो महिलाओं समेत 11 अन्य घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम थी और एक ट्रक विपरीत दिशा से हाईवे पर चढ़ आया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

आरोपी हादसे के बाद फरार हो गया।। उमेश परिवार सहित दिल्ली के होलंबी कलां में रहते हैं। वह गांव रतनगढ़ स्थित मास मॉडस्टो फैक्टरी में नौकरी करते हैं। उनके साथ बवाना की जेजे कॉलोनी निवासी चंदन, फहीम, सौरभ, अकरम, मकसूद, रिहान, जोगेंद्र, ममता, ज्योति, सन्नी व नीरज भी फैक्टरी में कार्यरत है। इनमें से उमेश समेत दस फैक्टरी कर्मी ईको वैन में आ रहे थे।

दो अन्य बाइक पर सवार थे। ईको को उमेश चला रहे थे। जब वह सुबह करीब साढ़े नौ बजे बवाना होते हुए नेशनल हाईवे-344पी के रास्ते बड़वासनी की तरफ आ रहे थे तो हाईवे पर घना कोहरा था। इसी दौरान बड़वासनी से एक ट्रक चालक कोहरे में विपरीत दिशा से हाईवे पर चढ़ गया। गांव ककरोई के सामने उमेश की ईको वैन सामने से गलत दिशा से आए ट्रक में टकरा गई। जिससे ईको बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।



**सोनीपत।** हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन।

### बाइक सवार भी घायल

हादसे में ईको में सवार सभी दस लोग घायल हो गए। इसी दौरान उनके पीछे बाइक पर चल रहे दो अन्य कर्मी भी हादसे का शिकार हो गए। राहगीरों की मदद से हादसे में घायल सभी 12 सदस्यों को नागरिक अस्पताल सोनीपत में लाया गया, जहां पर उमेश को मृत घोषित कर दिया। अकरम को रोहतक रेफर कर दिया। परिजन उन्हें दिल्ली स्थित अस्पताल में ले गए। अन्य घायलों को उपचार दिया गया। जिसके बाद वह परिजनों के साथ चले गए। हादसे की सूचना के बाद एसआई नीरज टीम सहित मौके पर पहुंचे और जांच की। पुलिस ने मामले में उमेश के भाई वीरू के बयान पर ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही की प्राथमिकी दर्ज कर ली है।



**सोनीपत।** तिरंगा चौक के पास कोहरे के बीच चलते वाहन।



सोनीपत। ककरोई रोड पर छाया कोहरा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत और आसपास के क्षेत्रों में मौसम लगातार परिवर्तनशील बना हुआ है। सोमवार रात दस बजे से ही वातावरण में कोहरा गहराने लगा था जिसने सोमवार सुबह होते होते पूरे जिले को अपनी आगोश में ले लिया। वहीं ककरोई रोड पर ट्रक ने ईको को टक्कर मार दी, जिसमें चालक की मौत हो गई व कई लोग घायल हो गए। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार सुबह छह बजे दृश्यता शून्य दर्ज की गई जिसने यातायात को पूरी तरह ठप कर दिया। सुबह सात बजे तक दृश्यता केवल पांच मीटर तक रही जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जैसे जैसे दिन चढ़ा दृश्यता में मामूली सुधार हुआ और सुबह आठ बजे यह 20 मीटर तथा साढ़े नौ बजे तक 50 मीटर दर्ज की गई। दोपहर एक बजे के बाद ही कोहरा पूरी तरह छटा और सूर्य देव के दर्शन हुए जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड से थोड़ी राहत मिली। आने वाले दिनों में मौसम ऐसा ही बना रहने की संभावना है।

### कोहरा रबी की फसलों की लिए वरदान

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि वर्तमान मौसम फसलों के लिए मिला जुला प्रभाव लेकर आया है। गेहूं की फसल के लिए यह गिरता हुआ तापमान और कोहरा काफी लाभदायक सिद्ध हो सकता है क्योंकि ठंड से गेहूं के दाने की गुणवत्ता और फुटाव में सुधार होता है। हालांकि जिन किसानों ने देर से बुवाई की है या सब्जी की खेती कर रहे हैं उनके लिए यह पाला और कोहरा नुकसानदेह भी हो सकता है। टमाटर, मिर्च और अन्य बेल वाली सब्जियों पर कोहरे का दुष्प्रभाव पड़ने की आशंका है।

### आज शीतलहर चलेगी कल से पश्चिमी विक्षोभ

कृषि विज्ञान केंद्र जगदीशपुर के वैज्ञानिक डॉ. प्रेमदीप का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों तक सोनीपत में मौसम इसी तरह बना रहेगा। पहाड़ों में हो रही बर्फबारी के कारण मैदानी इलाकों में शीतलहर का प्रकोप और बढ़ेगा। इसके अलावा संभावना जताई गई है कि 30 दिसंबर को शीतलहर चल सकती है। लेकिन 31 दिसंबर से एक और पश्चिमीविक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 31 दिसंबर रात्रि से 1 जनवरी के दौरान राज्य के ज्यादातर स्थानों पर बादलवाई रहने तथा कहीं कहीं छिटपुट बूंदाबांदी हो सकती है।

### धुंध के कारण हाईवे पर वाहन धीमी गति से चले

*रविवार रात से गहराए कोहरे के कारण सोमवार सुबह दृश्यता शून्य तक पहुंच गई जिससे सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए और इसका सीधा असर आम आदमी के स्वास्थ्य व कृषि क्षेत्र पर भी दिखाई दे रहा है। सोनीपत के जगदीशपुर केंद्र में दर्ज किए गए आंकड़ों के अनुसार न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है जबकि अधिकतम तापमान 15.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन के समय पांच किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से चलती शीतलहर ने ठिठुरन बढ़ा दी है। इसके साथ ही प्रदूषण का स्तर भी चिंताजनक बना हुआ है और सोमवार को जिले का वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई 225 दर्ज किया गया जो खराब श्रेणी में आता है। कोहरे और प्रदूषण के इस मिश्रण ने स्मॉग जैसी स्थिति पैदा कर दी है।*

## अवैध रूप से मिट्टी उठाने से रोका तो मारपीट कर गाड़ी से कुचलने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

गांव आंवली के निकट ड्रेन आठ से अवैध रूप से खोदाई करके मिट्टी उठाने की प्रयास किया गया। जब कंपनी के कर्मी गए तो उन्होंने आरोपितों को मिट्टी उठाने से रोक दिया। इस पर उनसे मारपीट की गई और गाड़ी से कुचलने की कोशिश की। कर्मियों की शिकायत पर सदर थाना में केस दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपित गांव आंवली के संजीत को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रोहतक में गांव रिठाल का धर्मेंद्र और गांव चमारिया का राजेश एक कंपनी में काम करते हैं। कंपनी द्वारा गोहाना क्षेत्र में ड्रेन आठ की सफाई का काम लिया हुआ है। इन दिनों गांव आंवली के पास काम चला हुआ है। दोनों कर्मियों ने पुलिस को शिकायत दी कि रविवार को वह गांव आंवली में साइट पर गए थे। वहां पर गांव आंवली का जसबीर, अमित, अजय, हर्मेंद्र पहलवान, निशांत, संजीत अन्य कुछ व्यक्ति ड्रेन की पटरी से मशीन से मिट्टी उठाकर दो हाईवा में भरवा रहे थे। उन्होंने अवैध रूप से मिट्टी उठाने से रोका तो आरोपितों ने उनको पकड़ लिया और लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। एक व्यक्ति ने पिस्तौल तानकर कहा कि ठेकेदार को बुलाओ। अमित स्कार्पियो लेकर आया और उनको कुचलने की कोशिश की। उन्होंने भागकर जान बचाई। उनकी शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया। उप निरीक्षक रतन ने पुलिस टीम के साथ आरोपित संजीत को गिरफ्तार कर लिया।




- आंवली गांव में ड्रेन 8 से अवैध खोदाई करके उठा रहे थे मिट्टी, आरोप गिरफ्तार

## टाटा एस ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मारी

**गन्नौर।** बाइक से घर लौट रहे दंपती को तेज रफ्तार टाटा ऐस ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए खानपुर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान चालक की मौत हो गई। मृतक के बेटे ने गन्नौर थाना पुलिस को मामले की शिकायत दी है।

### हादसे में पति की मौत

शिकायत में गांव मनाना, पानीपत निवासी हिमांशु ने बताया कि उसके पिता रामफल और मां सुमन बाइक पर मोई माजरी गांव गए थे। वहां से वापस लौटते समय महमूदपुर माजरा गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार टाटा ऐस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को खानपुर मेडिकल कालेज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसके पिता रामफल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर टाटा ऐस के चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजन को सौंप दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## शिक्षक सुनील भावा और अनिल खटकड़ ने जीता रजत पदक

**गोहाना।** 34वीं हरियाणा स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में राजकीय माध्यमिक विद्यालय गढ़ी सराय नामदार खां में प्राइमरी शिक्षक सुनील भावा और अनिल खटकड़ ने रजत पदक हासिल किया।

- 34वीं हरियाणा स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में छाए

सोमवार को दोनों शिक्षकों को विद्यालय में सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता मुख्याध्यापक रविंद्र मलिक और सतपाल सिंह ने की। हिसार स्थित गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में 27 दिसंबर को 34वीं हरियाणा स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप आयोजित की गई। प्राइमरी शिक्षक सुनील भावा ने इस चैंपियनशिप में शॉटपुट और अनिल खटकड़ ने 5 हजार मीटर दौड़ प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त करके कांस्य पदक पर कब्जा कर लिया। इस आधार पर दोनों शिक्षकों का चयन राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए कर लिया गया जो 28 जनवरी को केरल के तिरुवनंतपुरम खेल स्टेडियम में आयोजित होगी। पदक विजेता दोनों शिक्षकों को विद्यालय में डीपी लक्ष्मण सिंह, कपिल शर्मा, राजवीर मलिक, अनिल राठौर, दलबीर खुंडिया, नरेश कुमार, सुनील लाठर, दलबीर दांगी, नरेंद्र कुमार, मंजू, मनीषा और मीनाक्षी ने सम्मानित किया।



### विधायक व मेयर ने विकास कार्यों का शुभारंभ किया

# वार्ड 18 में गलियों को सीसी से बनाया जाएगा सीवरेज और पेयजल लाइन भी डाली जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन सोमवार सुबह वार्ड नं 18 के श्याम नगर में पहुंचे। जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि वार्ड नं 18 में श्याम नगर, मालवीय नगर और विकास नगर की गलियों का 2 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से सीसी द्वारा नवनिर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही वार्ड नं 18 के सेक्टर 23 कम्युनिटी सेंटर में 1 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य करवाए जाएंगे, इन कार्यों में 68 लाख रुपये से एक नए हॉल का निर्माण, 32 लाख रुपये की लागत से शेड के नीचे नए फर्श का निर्माण और नई इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने का कार्य किया जाएगा।

**कम्युनिटी सेंटर पर एक करोड़ खर्च होंगे**

- श्याम नगर, मालवीय नगर और विकास नगर की गलियों पर 2 करोड़ 42 लाख की लागत आएगी
- कम्युनिटी सेंटर में 68 लाख रुपये से एक नए हॉल का निर्माण और अन्य कार्य होंगे



**सोनीपत।** विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक साथ में मेयर एवं अन्य।

### हैबिटेट क्लब के पास वाली मुख्य सड़क का भी निर्माण होगा

मेयर राजीव जैन ने बताया कि वार्ड नंबर 20 में 2 करोड़ 64 लाख रुपये की लागत से विकास कार्य करवाए जाएंगे। इन कार्यों में हैबिटेट क्लब के पास वाली मुख्य सड़क सहित 8 विभिन्न गलियों का सीसी से निर्माण किया जाएगा। साथ ही गलियों का मास्टिक से भी नवनिर्माण किया जाएगा। कुछ गलियों में सीवरेज और पानी की पाइपलाइन बिछाई गई थी, जिसके बाद सड़कों की हालत जर्जर हो गई थी। इस अवसर पर डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत, निगम पार्षद नीतू दहिया, मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, राजेश दहिया, जोगिंद्र प्रजापत सेठा, सोनू प्रजापति, सुरेंद्र शर्मा, नकीन मेहरा, अनिल ढुल, हनुमान मंदिर प्रधान राम सिंह त्यागी, ललित, राजू, कुलदीप वत्स मौजूद रहे।

## समाधान शिविर में आने वाले शिकायतों का अधिकारी तुरंत समाधान करें : एसडीएम

**गोहाना।** सोमवार को एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का समाधान तय समय में समाधान करें। पुरानी लंबित शिकायतों पर भी संज्ञान लेते हुए उनका समाधान करें। समाधान शिविर में लोग समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आते हैं। श्रोत्रिय ने लघु सचिवालय में शिविर में शिकायतें सुनने के बाद अधिकारियों को निर्देश दिए। एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने कहा कि परिवार पहचान पत्र, म्हारा गांव जगमग गांव, लाडो लक्ष्मी योजना, सुकन्या योजना, चिरायु योजना, सामाजिक सुरक्षा, मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना, मेरी फसल मेरा ब्योरा, प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए आपसी सहयोग एवं प्रशासनिक प्रयास से हल निकाला जाए। प्रशासन यदि नागरिकों को पारदर्शी, त्वरित और संतोषजनक समाधान देने में सफल होता है तो इससे जनता का विश्वास बढ़ता है और प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होती है। शिविर में फैमिली आइडी व निशानदेही से संबंधित शिकायतें आईं। इस मौके पर एएसआर आत्मप्रकाश, एएफएसओ राजेश हुड्डा, मार्केट कमेटी सचिव सुरेश कुमार व राहुल कुमार उपस्थित रहे।



- अंजलि श्रोत्रिय ने फैमिली आईडी व निशानदेही से संबंधित शिकायतें का समाधान किया

### शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता संघ की कार्यकारिणी गठित

## जसवीर राणा प्रधान, सुषमा उप-प्रधान और प्रवीन को कोषाध्यक्ष चुना गया



**सोनीपत।** बैठक के दौरान उपस्थित संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगणं।

**सोनीपत।** सहायक शिक्षा अधिकारी कार्यालय सोनीपत में शारीरिक शिक्षा प्रवक्ताओं के संघ की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव प्रक्रिया में उपस्थित सदस्यों ने एकमत से पदाधिकारियों का चयन किया।निर्वाचित पदाधिकारियों में जसवीर राणा को प्रधान, सुषमा को उप-प्रधान, आशीष और अनुज कुमार शर्मा को संयुक्त सचिव तथा प्रवीन को कोषाध्यक्ष चुना गया।

### संगठन को मजबूत करेंगे : राणा

नवनिर्वाचित प्रधान जसवीर राणा ने सदस्यों के विश्वास के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संघ शारीरिक शिक्षा प्रवक्ताओं के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं के समाधान और शिक्षा व खेल गतिविधियों को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक एकजुटता के साथ गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक और खेल वातावरण विकसित करने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। बैठक के अंत में उपस्थित सदस्यों ने नई कार्यकारिणी को बधाई दी और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर एईओ रामबीर ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई देते हुए उत्कृष्ट कार्य करने के लिये प्रेरित किया।



# स्त्री की संपन्न दृष्टि वाला नया साल

नव-वर्ष का आगमन.. नई आशाओं का सवेरा, भीतर नई ऊर्जा का संचार। इससे भला स्त्रियां कैसे अछूती रहेंगी। इनके लिए नूतन वर्ष नए अर्थ लिए आता है। वे ऐसे धरातल तैयार करती हैं, जिसमें स्त्री की अपनी संपन्न दृष्टि हो, उनकी अस्मिता हो, उनका आत्म-सम्मान हो।

आवरण कथा
कल्पना मनोरमा, साहित्यकार



नया साल कोई हिसाब नहीं, बल्कि समय की वह दहलीज है, जहां प्रकृति स्वयं पुराना उतारकर नए के प्रति आकर्षित होकर उसकी ओर बढ़ती है। पेड़ अपने गिरे पत्ते नहीं चुनते। नदियां पीछे छूटे मोड़ों को नहीं गिनतीं। वे तो नए उत्साह में प्रवाह में बने रहना जानती हैं। प्रकृति का हर नया चक्र यह सिखाता है कि नया आना कोई घटना नहीं, बल्कि एक स्वाभाविक आग्रह है। जीवन की जिद, जो बिना शोर किए आगे बढ़ती रहती है। इसी आग्रह के साथ नया साल आता है। वह एक संभावना की तरह उपस्थित होता है, जिसमें पुराना स्वतः पीछे छूटने लगता है। यह समय स्मृतियों का बोझ ढोने के लिए नहीं, बल्कि चयन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। क्या साथ रखना है और क्या छोड़ देना है।

**वर्तमान को खोलें नए अर्थों के लिए:** नया साल हमें यह अनुमति देता है कि हम कष्टकारी अनुभवों पर मिट्टी डालें और वर्तमान को नए अर्थों के लिए खोलें। यहीं से स्त्री की संपन्न दृष्टि आकार लेती है। वह इस प्राकृतिक आग्रह को पहचानती है। उसकी उमंग किसी प्रतिरोध से नहीं, बल्कि जीवन की उसी सहज गति से जन्म लेती है, जो हर मौसम को बदलने का साहस देती है। स्त्री जानती है कि आगे बढ़ने के लिए कठोर होना जरूरी नहीं, कभी-कभी भरोसा ही सबसे बड़ी शक्ति बन जाता है, इस बात पर कि जीवन की संभावना अब भी शेष है।

**नए साल में तैयार होते हैं नए धरातल:** स्त्री बीते साल से कुछ अनुभव, कुछ चोटें, कुछ सीखें लेकर अपने नए साल का धरातल तैयार करती है। लेकिन अब नए जमाने की स्त्री, पुराने को सहेजकर नहीं रखती। जो कष्टकारी था, उसे भूलने का संकल्प भी उसकी संपन्न दृष्टि का ही हिस्सा है। भूलना यहां पलायन नहीं है, बल्कि चयन है। वह जानती है कि हर याद को सहेजना आवश्यक नहीं। कुछ स्मृतियों को छोड़ देना ही आगे बढ़ने की शर्त बन जाता है। इसलिए नया साल उसके लिए प्रार्थना से ज्यादा, क्षमा करने का अभ्यास भी बन जाता है।

**विनम्र भाव से नए साल का करें स्वागत:** आज की पढ़ी-लिखी सचेत स्त्री अपने आपको यह अनुमति देती है कि जो अधूरा रह गया, उसे अपराधबोध में बदलने की बजाय सीख में बदले। नए के लिए स्त्री की विनम्रता उल्लेखनीय होती है। यह विनम्रता आत्मसमर्पण नहीं, बल्कि जीवन के प्रति खुलापन है। वह यह स्वीकार करती है कि सब कुछ उसके नियंत्रण में नहीं होगा, फिर भी वह प्रयास से पीछे नहीं हटती। इस विनम्रता में अहंकार का त्याग है, पर आत्मसम्मान की कमी नहीं।



स्त्री नए साल से अपेक्षाएं रखती है, पर उन्हें आदेश की तरह नहीं, संवाद की तरह रखती है। जैसे जीवन से कह रही हो, 'मैं तैयार हूं, तुम जो भी लाओगे, मैं सीखते हुए स्वीकार करूंगी।'

**भीतर से सजने-संवरने का अवसर:** नया साल स्त्री को अपने आप को सजाने-संवारने की ओर भी उन्मुख करता है। यह सजना केवल बाहरी नहीं होता। हालांकि वह कपड़ों, रंगों और आईने के सामने खड़े होने के छोटे-छोटे उत्सवों को भी महत्व देती है, लेकिन असली साज-संवार भीतर की होती है। विचारों की, इच्छाओं की और उस आत्मविश्वास की, जो समय के साथ परिपक्व हुआ है। वह अपने चेहरे पर उम्र की रेखाओं को अस्वीकार नहीं करती। बल्कि वह उन्हें अनुभव का मानचित्र मानती है। सजना उसके लिए स्वयं को स्वीकार करने की प्रक्रिया है, न कि किसी मानक में ढलने की कोशिश या किसी तारीफ पाने का उपक्रम।

**कुछ नया हासिल करने की ताकत रखती है स्त्री:** स्त्री की जिद भी साधारण नहीं होती। वह कुछ नया हासिल करने की ताकत रखती है। यह बात उम्र के साथ बदलते हुए सालों में और स्पष्ट हो जाती है। यह जिद नौकरी, लेखन, अध्ययन, कला या किसी भी व्यक्तिगत लक्ष्य में भी प्रकट हो सकती है। स्त्री बड़े घोषणापत्र नहीं बनाती। वह रोजमर्रा के निर्णयों में अपने संकल्प को जीती है। समय पर 'नहीं' कहना, अपने श्रम की कीमत मांगना, अपनी रुचियों के लिए समय निकालना। ये सब उसकी उपलब्धियां हैं। स्वयं को अनदेखा न करना स्त्री सीख रही है।

**शांत मन से प्रसन्नता की पुनर्खोज:** स्त्री के भीतर प्रसन्नता की पुनर्खोज जारी है। जो बदलते हुए सालों में उजागर होती है। बदलाव की यह प्रसन्नता शोरगुल वाली नहीं होती। पुराने साल की थकान को पीछे छोड़ते हुए, स्त्री नया साल उम्मीद के साथ देखती है। वह जानती है कि चुनौतियां फिर आएंगी, पर वह उनसे डरकर नहीं, तैयारी के साथ मिलती है। उसकी संपन्न दृष्टि उसे यह सिखाती है कि हर संकट स्थायी नहीं होता, और हर बदलाव में संभावना छिपी होती है। वह अब स्वयं को पीड़िता की भूमिका में सीमित नहीं करती। वह कर्ता बनकर आगे बढ़ती है। अपने जीवन की, अपने निर्णयों की साक्षी बनती है।

**स्त्री के आत्म-सम्मान का उत्सव नया साल:** अंततः स्त्री की संपन्न दृष्टि वाला नया साल आत्म-सम्मान का उत्सव कहलाता है। यह उस स्त्री का साल है, जो अपने अतीत से सीखती है। वर्तमान में सजग रहती है और भविष्य के लिए विनम्र आशा रखती है। वह अपने बच्चों के लिए आशीष बनती है और स्वयं के लिए हमदर्द भी। वह सजती है, संवरती है, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आज वह अपने भीतर की रोशनी को पहचानने लगी है।

**समय का बदलना भर नहीं है नव वर्ष:** स्त्री हर पतझड़ के बाद अपने भीतर वसंत को पुनः जी उठती है, टूटकर भी खिल जाना ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। नया साल उसके लिए समय का बदलना भर नहीं। यह अपने आप से किया गया एक शांत, दृढ़ वादा है कि वह जीवन को पूरी उपस्थिति के साथ जिएगी, और हर दिन को अपनी संपन्न दृष्टि से नया अर्थ देगी। और यह बात वह किसी और से नहीं, सबसे पहले अपनी संतति से बार-बार कहेगी। धीरे-धीरे ही सही, दुनिया बदलती जाएगी। खूबसूरत होती जाएगी। अस्तु..।



### बच्चों के प्रति सद्भावनाओं का विस्तार

**स्त्री की** संपन्न दृष्टि बच्चों तक स्वतः पहुंचती है। नया साल उसके लिए बच्चों के प्रति सद्भावनाओं का विस्तार है। उनके लिए सुरक्षित आकाश, निर्भय प्रश्न और सहज हंसी की कामना है। वह चाहती है कि बच्चे केवल सफल न हों, बल्कि संवेदनशील भी हों। केवल तेज न हों, बल्कि करुणामय भी हों। वह जानती है कि बच्चों की खुशी उसकी अपनी खुशी से अलग नहीं है, लेकिन वह यह भी सीख चुकी है कि बच्चों के नाम पर स्वयं को मिटा देना आवश्यक नहीं। इसलिए वह उनके साथ-साथ अपने लिए भी जगह बनाती है। वह अपने सपनों के लिए सचेत होती है।

# बच्चों के लिए स्पेशल बनाएं न्यू ईयर

नए साल का इंतजार और उसका स्वागत बच्चे भी भरपूर उत्साह से करते हैं। आप उनके लिए न्यू ईयर सेलिब्रेशन और आने वाले साल को बहुत स्पेशल बना सकती हैं। इसके लिए आप यहां बताए जा रहे सजेशंस को फॉलो कर सकती हैं।

बच्चे और आप
नृपेंद्र अभिषेक नृप



नव वर्ष के स्वागत का उत्सव, बच्चों के लिए न केवल मौज-मस्ती और खेलने-कूदने का अवसर होता है, बल्कि उनके विकास, शिक्षा और नैतिक मूल्यों में सुधार, उनको नई दिशा देने, नई शुरुआत करने का भी समय हो सकता है।

**किताब पढ़ने को करें प्रेरित:** नव वर्ष के अवसर पर आप अपने बच्चों को उपहार के रूप में किताबें दे सकती हैं। प्रेरणादायक कहानियों, ऐतिहासिक घटनाओं और नैतिक मूल्यों पर आधारित किताबें बच्चों में ज्ञान और रचनात्मकता का संचार करती हैं। यही नहीं अगर उनके साथ आप किताबें पढ़ें तो उनमें पढ़ने की रुचि और बढ़ेगी।

**खेलें आउटडोर गेम्स:** आजकल अधिकतर बच्चे फिजिकल एक्टिविटीज और आउटडोर खेलों से दूर हो रहे हैं। इससे उनमें कई समस्याएं पैदा हो सकती हैं। ऐसे में नए साल में आप स्वयं बच्चों के साथ खेलते हुए उन्हें आउटडोर गेम्स खेलने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। इससे उनमें ऊर्जा-उत्साह बना रहेगा। बैडमिंटन, क्रिकेट या फुटबॉल जैसे खेलों के माध्यम से न केवल उनका शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि टीम भावना, नेतृत्व क्षमता का भी विकास होगा।



**टैलेंट को उभारें:** नव वर्ष के अवसर पर बच्चों के लिए नृत्य, गायन या ड्रामा आयोजित किए जा सकते हैं। यह न केवल उनके टैलेंट को सामने लाने का माध्यम बनेगा, बल्कि आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगा। उनके टैलेंट को पहचानकर आने वाले साल में उनको और प्रोत्साहित करें।

**पिकनिक-ट्रैवलिंग:** न्यू ईयर सेलिब्रेशन के तौर पर बच्चों को नेचर के करीब या चिड़ियाघर या ऐतिहासिक स्मारकों के पास घुमाने ले जा सकती हैं। आप आने वाले साल में भी जब मौका मिले, अपने बच्चों को ऐसी जगहों पर घुमाने जरूर ले जाएं। ऐसा करना न केवल उनके ज्ञान को बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें प्रकृति और इतिहास के महत्व को समझने का अवसर भी देगा।

**सोशल वर्क:** बच्चों को दूसरों की हेल्प और सोशल वर्क के लिए प्रेरित करने की शुरुआत भी नए साल पर की जा सकती है। जरूरतमंद बच्चों को पुराने कपड़े, खिलौने और किताबें दान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। यह उन्हें दूसरों के प्रति सहानुभूति और मदद का भाव सिखाने में बहुत सहायक साबित होगा।

**पर्यावरण के प्रति जागरूकता:** नए वर्ष पर आप अपने बच्चों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। नव वर्ष स्वागत कार्यक्रम के अवसर पर 'हर बच्चे के लिए एक पौधा' जैसे कार्यक्रम बच्चों को रुचिकर लगेंगे। ऐसी गतिविधि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व को सिखाएगी।

**स्वच्छता अभियान:** बच्चों को अपने आस-पास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाने के साथ-साथ उनके अंदर जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करेंगी।

**योग-व्यायाम:** बच्चों के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए योग और व्यायाम वर्कशॉप आयोजित करना कारगर होगा। नव वर्ष की पहली सुबह इसके माध्यम से आप बच्चों को पूरे साल स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

नव वर्ष हमें यह अवसर देता है कि बीते वर्ष में हुई गलतियों को सुधार कर, प्रयासों में रह गई कमी को पहचान कर और सोच में समाई नकारात्मकता को दूर कर हम नई उमंग, नए उत्साह और सकारात्मकता के साथ जीवन में आगे कदम बढ़ाएं। इसके लिए अपनी जीवनशैली और सोच में हमें कुछ परिवर्तन करने होंगे।

# सकारात्मकता के साथ नव वर्ष में करें प्रवेश

जीवनशैली
डॉ. मोनिका शर्मा



नया साल, उम्मीदों और उमंगों की पोटली लेकर आता है। साथ ही नई शुरुआत का हौसला भी लाता है। नव वर्ष, कुछ नए कदम बढ़ाने का मुफीद मौका भी होता है। ऐसे में कुछ छोटे-छोटे बदलावों से हमारी जिंदगी पहले से खूबसूरत बन सकती है।

**बढ़ाएं मेल-जोल:** रिश्ते करीबी हों या दूर के, आज के दौर में लोगों का आपसी मेल-जोल कम ही होता है। यहां तक कि एक ही छत के नीचे रहने वाले लोगों में भी दूरियां आ रही हैं। ऐसे में आने वाले साल में अपनों के साथ मेल-जोल बढ़ाने की सकारात्मक शुरुआत कीजिए। यह समय रहते समझिए कि रिश्तों में जुड़ाव के लिए समय निकालना जरूरी है। वरना एक समय ऐसा भी आता है, जब इंसान के पास समय तो होता है पर रिश्ते कहीं पीछे छूट जाते हैं। अब तो करीबी रिश्तों से लेकर आस-पड़ोस तक मेल-जोल की प्रवृत्ति नहीं दिखती, जबकि यही आपसी जुड़ाव हमारी संस्कृति की पहचान रही है। इस साल जिंदगी की भागम-भाग से कुछ लम्हे रिश्तों को सींचने-सहेजने के लिए निकालिए। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार मजबूत सामाजिक संबंधों वाले लोगों के लंबे समय तक जीवित रहने की संभावना, उन लोगों की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक होती है, जिनके सामाजिक संबंध कम होते हैं। साथ ही स्ट्रेस में कमी, बेहतर मनोदशा, क्रॉनिक डिजीज के जोखिम में कमी और क्वालिटी लाइफ जैसे लाभ तो मिलते ही हैं। ऐसे में बढ़ती सामाजिक-पारिवारिक दूरियों के इस दौर में मिल-जुलकर बैठने-बतियाने के लिए फुर्सत निकालने का रेजोल्यूशन जरूर कीजिए।

**भुलाएं बीती बातें:** बीती कड़वी बातों को भुलाना, रिश्तों में नया रंग भरने की एक खूबसूरत शुरुआत हो सकती है। कई बार रिश्तों में अनबन हो जाती है। ना चाहते हुए भी दूरियां आ जाती हैं। लेकिन जिंदगी इतनी बड़ी नहीं होती कि ऐसे तकलीफदेह वाकयों को हमेशा के लिए रिश्तों में दर्द और दुःख की वजह बना दिया जाए। बीते कल की बातों को भूलना इसीलिए भी अहम है कि समय के साथ संबंधों में आए बदलावों को समझने और साथ चलने के लिए यही पहला कदम है।

**मिलकर खुशियां मनाएं:** साझी खुशियों को जीते हुए रिश्तों में दोबारा नयापन लाया जा सकता है। इतना ही नहीं खुशनुमा साथ, बिखरे रिश्तों को भी जोड़ सकता है। एनर्जी से भरपूर और उत्साहित महसूस करने के लिए साझेपन का भाव जरूरी है। हर वर्ष आने वाली वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में शेयर्ड हैप्पीनेस एक अहम फैक्टर होता है। किसी भी देश के लोगों का एक-दूसरे के लिए हेल्पफुल होना, मिल-बांटकर रहना हैप्पीनेस का एक महत्वपूर्ण पहलू बनकर सामने आता है। ऐसे में नए साल में तय कीजिए कि आप अपनों के साथ मिलकर खुशियां मनाएंगी।



### सेहत संवारिए

'अच्छा स्वास्थ्य, अंदरूनी शक्ति, शांत मन और आत्मविश्वास लाता है, जो बहुत महत्वपूर्ण है।' यह कहना है दलाई लामा का। जीवन से जुड़े हर भाव को खुशनुमा ढंग से जीने के लिए अच्छी हेल्थ सबसे जरूरी है। कहते भी हैं कि जिंदगी जीने में और स्वस्थ जिंदगी जीने में बहुत फर्क होता है। आजकल मोटापा, हृदय रोग, किडनी से जुड़ी समस्याएं और कैंसर जैसी व्याधियां कम उम्र में ही देखने को मिल रही हैं। ऐसे में समय पर सेहत से जुड़ी परेशानी को लेकर सतर्क होना जरूरी है। शारीरिक सक्रियता और मानसिक शांति का मेल स्वस्थ जीवन की बुनियाद है। इन संकल्पों के साथ नए वर्ष में प्रवेश करें तो निश्चित ही यह वर्ष हर मायने में खुशहाल होगा।

# न्यू ईयर पार्टी के लिए पाएं न्यू मेकअप लुक

मेकअप
निकिता चौहान

नए साल के आने की खुशी में लोग पार्टी खूब एंज्वॉय करते हैं। आप भी ऐसी किसी पार्टी में जरूर शामिल होंगी। पार्टी में अट्रैक्टिव दिखने के लिए डिजाइनर आउटफिट के साथ आपका फेस लुक भी ग्लोरियस होना चाहिए। इस के लिए आपको अपने मेकअप लुक पर पूरा ध्यान देना होगा।

**सबसे पहले बेस बनाएं:** मेकअप करने से पहले इस बात का ध्यान रखें कि आपके फेस पर नमी न रहे। इसके लिए टिशू पेपर या वेट वाइप्स से अच्छे से फेस क्लीन करें। फेस को नमी देने के लिए अच्छा-सा मॉयश्चराइजर लगाएं। अपने मेकअप को ज्यादा देर तक रखने और फेस को स्मूथ बनाने के लिए प्राइमर लगाएं। इसके बाद अपनी स्किन के कलर के अनुसार फाउंडेशन लगाएं। आंखों के डार्क सर्कल्स, फेस पिगमेंटेशन और दाग-धब्बों को कवर करने के लिए कंसीलर का इस्तेमाल करें। इन स्टेप्स से आपका बेस मेकअप परफेक्ट और पूरी तरह नेचुरल लगेगा।



**ऐसे करें आई मेकअप:** हमारे ओवर ऑल लुक को कंप्लीट करने के लिए आंखों का मेकअप परफेक्ट होना जरूरी है। न्यू ईयर पार्टी के लिए ब्लैक या सिल्वर स्मोकी आई लुक बहुत स्टाइलिश लगेगा। अगर आप हल्का शिमर चाहती हैं तो गोल्ड, सिल्वर या शिमरी आईशैडो लगाएं। विंग्ड आई लुक पाने के लिए आईलाइनर का इस्तेमाल करें। यह आपकी आंखों को अट्रैक्टिव बनाएगा। सबसे आखिरी में मस्कारा लगाकर अपनी आई लैशेस को वॉल्यूम दें। यह आपकी आई लैशेज को घना दिखाएगा।

**हाइलाइटर लगाएं:** आई मेकअप के बाद आप अपने हाइलाइट पॉइंट्स पर हाइलाइटर जरूर लगाएं। हाइलाइटर आपके फेस को ग्लोइंग लुक देता है। ध्यान रखें कि हाइलाइटर को चीक बोन, नोज की टिप और आईब्रो के नीचे के हिस्से पर लगाएं।

**ब्लश है जरूरी:** ब्लश आपकी स्किन को नेचुरल लुक देता है। ब्लश से पूरा मेकअप लुक कंप्लीट होता है। आप अपनी स्किन टोन के हिसाब से ब्लश चूज करें। इस बात का ध्यान जरूर रखें कि ब्लश को ज्यादा डार्क न लगाएं। ब्लश को लगाते समय हल्के हाथों से लगाएं, इससे आपका ब्लश डार्क नहीं होगा और यह नेचुरल लगेगा।

**लगाएं न्यूड लिपस्टिक:** लिपस्टिक लगाने से पहले ध्यान रखें कि लिप्स पर आउटलाइन करने के लिए लिप लाइनर का इस्तेमाल करें। आजकल न्यूड लिपस्टिक का ट्रेंड बहुत है। अपने स्किन टोन के हिसाब से लिपस्टिक का प्रयोग करें।

**मेकअप सेटिंग स्प्रे:** अपने मेकअप को लंबे समय तक सेट रखने के लिए मेकअप सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करें। मेकअप सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करके आप अपने न्यू ईयर पार्टी लुक को लंबे समय तक बनाए रख सकती हैं, जिससे आपका मेकअप काफी देर तक ताजगी से भरा दिखेगा।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट तरन्नुम खान से बातचीत पर आधारित)**

भावनाएं

# नूतन वर्ष नए सपने-नई उम्मीदें

नए साल में हम नई आशा के साथ नई योजनाएं बनाते हैं ताकि अपनी पहचान को बढ़ाएं। **सहेली** ने अपने-अपने क्षेत्र की कई जानी-मानी महिलाओं से पूछा कि वे नए साल के आगमन को कैसे देखती हैं, बीता साल उनके लिए कैसा रहा और नए साल में उनकी क्या योजनाएं हैं?

### नया साल याद दिलाता है हर सुबह खुद में बदलाव लाने का मौका देती है

रीता गंगवानी, ग्रूमिंग एक्सपर्ट



**मेरे लिए** नया साल शोर-शराबे का उत्सव नहीं, बल्कि ठहरकर सोचने का अवसर है। यह वह समय होता है, जब मैं खुद से पूछती हूं कि मैंने बीते साल में क्या सीखा, क्या छोड़ा और क्या-क्या समझा? मैं नए साल का स्वागत आभार और एक स्पष्टता के साथ करती हूं। पुरानी थकान को पीछे रखकर, जीवन को थोड़ा और समझदारी से जीने का संकल्प लेकर आगे बढ़ती हूं। मेरे लिए नया साल यह याद दिलाता है कि हर सुबह खुद में बदलाव लाने का मौका देती है। बीते साल की बात करूं, तो उसे किसी एक उपलब्धि या घटना से नहीं, बल्कि अपने भीतर आए बदलाव से याद रखूंगी। यह साल मुझे सिखा गया कि हर बात पर प्रतिक्रिया देना जरूरी नहीं और खुद को समझना भी एक बड़ी उपलब्धि है। मैंने इस साल धैर्य स्वीकार कर आत्मसम्मान का अर्थ थोड़ा और गहराई से समझा। यही मेरे लिए इस साल की सबसे यादगार सीख है। नए साल में मेरा संकल्प है-खुद के साथ समझौता नहीं करना। मैं अब दूसरों की अपेक्षाओं के अनुसार खुद को छोटा नहीं करूंगी और न ही अपनी सीमाओं के लिए कोई सफाई दूंगी। मेरा लक्ष्य है, जीवन को तेज नहीं, बल्कि सार्थक बनाना। कम काम करना है, पूरे मन से करना। कम लोगों से जुड़ना है, लेकिन सच्चे रिश्ते बनाना है। मैं चाहती हूं कि जब यह साल खत्म हो, तो मैं यह कह सकूं कि मैंने अपने सच के साथ ईमानदारी बरती।

### नए साल में हम नई उमंग के साथ नए अवसर तलाशते हैं : सेजल शाह, एक्ट्रेस



**इन दिनों** सेजल शाह सोनी सब के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में मधुमिता माहेश्वरी का रोल निभा रही हैं। उनके लिए नया साल एक नई शुरुआत का प्रतीक है। सेजल कहती हैं, 'जो बीत गया, उसे पीछे छोड़कर नए साल में हम नई उमंग के साथ नए अवसर तलाशते हैं ताकि हम आगे बढ़ें, तरक्की करें। नए साल में मेरी सबसे पहले यही कोशिश होगी, अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दूं। अपने खान-पान के प्रति सजग रहूं। बाहर का न खाऊं और अधिक से अधिक घर का पौष्टिक भोजन करूं। व्यस्त दिनचर्या के बावजूद खुद के लिए समय निकालकर नियमित व्यायाम करूं। इन दिनों स्वास्थ्य को लेकर मैं बहुत ज्यादा सतर्क हूं, क्योंकि हाल ही में मेरे पति को ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। इसने मुझे एहसास दिलाया कि गलत खान-पान और अव्यवस्थित जीवनशैली किस तरह हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है। नए साल में मेरा संकल्प है, मैं अपनी दिनचर्या और स्वास्थ्य पर पहले से कहीं ज्यादा ध्यान दूंगी। जहां तक मेरे काम का सवाल है, तो इस मोर्चे पर मैं खुद को खुशनसीब मानती हूं कि मुझे 'पुष्पा इंपॉसिबल' में मधुमिता माहेश्वरी जैसा सशक्त किरदार निभाने का अवसर मिला। नए साल में इस किरदार में एक नया आयाम जोड़ा जा रहा है। इसके कुछ ग्रे शेड्स इसे और रियल बनाएंगे। मैं हमेशा कुछ अलग और नया करने में विश्वास करती हूं। मैंने यह महसूस किया है कि कोई भी किरदार, चाहे पॉजिटिव हो या नेगेटिव, अगर उसे पूरी शिद्दत से निभाया जाए, तो बहुत प्रभावशाली हो जाता है। उम्मीद है, जिस तरह अभी तक दर्शकों का 'पुष्पा इंपॉसिबल' को प्यार मिला है, आगे भी मिलता रहेगा।'

**प्रस्तुति: अंशु सिंह**

**खबर संक्षेप**



### एग्री स्टैक पोर्टल पर आईडी बनाने का काम शुरू

**गन्नौर।** केंद्र सरकार के डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत एग्री स्टैक पोर्टल पर किसानों की किसान आईडी बनाने का कार्य शुरू हो गया है। इसके माध्यम से प्रत्येक उस किसान की पहचान सुनिश्चित की जाएगी, जिसके नाम खेती की जमीन है। यह कार्य कृषि विभाग के कर्मचारियों एवं अटल सेवा केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है। खंड कृषि अधिकारी डा. आनंद सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि किसान आईडी को भविष्य में कृषि विभाग से जुड़ी योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

### सुशील नाथ 501 मटकों की कर रहे जलधारा तपस्या

**गन्नौर।** कड़ाके की ठंड में गांव भोगीपुर गांव स्थित गोरखनाथ तजी मंदिर में बाबा सुशील नाथ ठंडे पानी की जलधारा में तपस्या कर रहे हैं। बाबा सुशील नाथ 40 दिन तक प्रतिदिन सुबह ब्रह्ममुहूर्त में 501 मटकों में भरे ठंडे पानी की जलधारा में तपस्या करेंगे। रविवार को 41वें दिन तपस्या का समापन होगा। सुशील नाथ के अनुष्ठान में लोगों की भीड़ रही है। इस अवसर पर केशव अत्री, कमल, संजू, लोकेश, जतिन राठी, मोहित, दीपक, मोनू, सागर मौजूद रहे।

## सेंसेस असेसमेंट परीक्षा-2 में विद्यार्थियों की झलकी प्रतिभा

# दूसरी व तीसरी के विद्यार्थियों की निपुण साक्षरता का आकलन किया

**विद्यार्थियों की बुनियादी साक्षरता को मजबूत करना लक्ष्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

कथूरा खंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय आहुलाना में सोमवार को सेंसेस असेसमेंट परीक्षा-2 का आयोजन किया गया। कक्षा दूसरी व तीसरी के विद्यार्थियों का निपुण साक्षरता आकलन किया गया। छिछड़ाना विद्यालय के संस्कृत प्रवक्ता सतनारायण वशिष्ठ की देखरेख में परीक्षा हुई। वशिष्ठ ने निपुण हरियाणा टीचर ऐप के माध्यम से आनलाइन परीक्षा लेते हुए बच्चों के वर्ण, शब्द, वाक्य एवं अनुच्छेद पठन कौशल का मूल्यांकन किया। इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की बुनियादी साक्षरता को मजबूत करना और उनकी शैक्षणिक नींव को सुदृढ़ करना है। खंड शिक्षा अधिकारी कथुरा पंकज कौशिक ने विद्यालय पहुंचकर परीक्षा प्रक्रिया का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशानिर्देश दिए।



**गोहाना।** अपने द्वारा बनाए गए पोस्टर्स प्रदर्शित करते हुए स्वयंसेविकाएं।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्रा कविता अव्वल

**गोहाना।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना में चल रहे एनएसएस शिविर के दूसरे दिन सोमवार को स्वयंसेविकाओं के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सौ स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या ईना ने की और संयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ममता देवी का रहा। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, शिक्षा और स्वास्थ्य विषय पर अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं की छात्रा कविता प्रथम और निशा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। जीव विज्ञान की प्रवक्ता प्रवेश ने स्वयंसेविकाओं को एचआईवी से बचाव व रोकथाम बारे जागरूक किया।



**सोनीपत।** विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन**

## कक्षा नौवीं बी के विद्यार्थियों ने अव्वल स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत (एस-7) विद्यालय में सोमवार को कक्षा नौवीं ए एवं नौवीं बी के विद्यार्थियों के लिए वन्दे मातरम् विषय पर एक ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दोनों कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राष्ट्रभक्ति से संबंधित प्रश्नों का आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा नौवीं बी के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। निदेशक दीपक, प्रधानाचार्य डॉ. अंकुर रोहिल्ला, मुख्यध्यापिका रीटा ने विजेता विद्यार्थियों को शील्ड प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।



**महेंद्रगढ़।** बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि फोटो : हरिभूमि

## आरपीएस में क्लेट और एलेट टॉपर्स के लिए भव्य सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान रखने वाले आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद में सोमवार को 'शिखर' सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर की विधि प्रवेश परीक्षाओं क्लेट एवं एलेट 2026 में ऐतिहासिक सफलता दर्ज करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में राजस्थान न्यायिक सेवा की अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश आंचल अग्रवाल मुख्यातिथि थे, वहीं अध्यक्षता आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने की। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव व डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने भी बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यातिथि डिस्ट्रिक्ट एन्ड सेशन जज आंचल अग्रवाल ने कहा कि न्यायपालिका केवल एक करियर नहीं, बल्कि समाज की सेवा और संविधान की रक्षा करने का एक सशक्त माध्यम है। आज आरपीएस के इन बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर जो सफलता प्राप्त की है, वह उनकी कड़ी मेहनत व शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है।

### सम्मान से खिले मेधावियों के चेहरे

समारोह के दौरान मुख्य अतिथि और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने टॉपर्स और क्वालीफायर्स को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि शिखर कार्यक्रम उन सपनों का उत्सव है, जो विद्यार्थियों ने खुली आंखों से देखे थे। आरपीएस परिवार अपने विद्यार्थियों को केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस मौके पर आरपीएस कॉलेज रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव, डायरेक्टर महेश यादव और आरपीएस हांसी के डायरेक्टर संदीप देशवाल, बीएड कॉलेज प्राचार्य डॉ. शशि यादव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने सभी आगन्तुको का स्वागत किया। कार्यक्रम में उपप्राचार्य दिनेश कुमार, डीन एलएन गौड, पवन तिवारी, विंग हेड देवेंद्र पूनिया, जिले सिंह, अमित कुमार, साक्षी मलिक, अनीता अहलावत, राजकुमार, राजसिंह आदि उपस्थित रहे।

*मेयर ने खरखौदा में सीएम के पहुंचने पर रखी कई मांगें*

## मुख्यमंत्री के सामने रखी अवैध घोषित कॉलोनियों के पैच को वैध करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम मेयर राजीव जैन ने खरखौदा रैली में पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र देकर नियमित हो चुकी कालोनियों में अवैध घोषित किये गए पैच (टुकड़ो) को जल्द से जल्द वैध करके तथा पुराने शहरी इलाकों में इंतकाल की अनिवार्यता खत्म करके रजिस्ट्री के आधार पर नई रजिस्ट्री करने के आदेश जारी करने की मांग रखी। राजीव जैन ने पत्र में लिखा कि शहर की कई कालोनियां पहले वैध घोषित हो चुकी है परन्तु उनके छोटे - छोटे टुकड़े अभी भी अवैध की श्रेणी में हैं। जिस कारण विकास कार्य करवाने के साथ साथ नागरिकों को नगर निगम से नई रजिस्ट्री करवाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने में परेशानियां आती हैं। उन्होंने कहा कि अक्सर नागरिकों की शिकायत यही रहती हैं कि मेरे साथ वाला प्लाट वैध हैं जबकि मेरा अवैध की श्रेणी में हैं।



**सोनीपत।** सीएम नायब सिंह सैनी के समक्ष मांगें रखते मेयर राजीव जैन।

### समस्याओं का होगा हल

राजीव जैन ने आगे लिखा हैं कि जब से सरकार ने पुरानी आबादी के इंतकाल दर्ज करवाने की घोषणा की हैं तब से नागरिक पटवार खाने में धक्के खाने को मजबूर हैं। विशेषकर वह नागरिक जो अपना मकान बेचना चाहता है। 50 - 50 वर्ष पुरानी कालोनी के मकानों के इंतकाल दर्ज करवाने के लिए नागरिक जाते हैं तो पटवारी खसरे नंबर में जगह ना होने का बहाना बनाकर टाल देते हैं और यदि कोई दलाल की मार्फत मोटी रकम देने की हाँ करे तो फिर इंतकाल दर्ज हो जाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री को याद दिलाया कि पहले की तरह रजिस्ट्री के आधार पर रजिस्ट्री करवाने की घोषणा मुख्यमंत्री रहते मनोहर लाल तथा चुनाव से पहले आपने भी की थी परन्तु फाइल अभी राजस्व विभाग के मुख्यालय में लंबित पड़ी है। उन्होंने आगे कहा कि इस सम्बन्ध में आदेश जारी होने से भ्रष्टाचार पर तो अंकुश लगेगा ही, नागरिकों की भारी परेशानी भी खत्म होगी।

## कल्पना चावला विद्यापीठ में वार्षिक खेल समारोह का किया आयोजन




**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ में वार्षिक खेल समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के तीनों सदनों- सत्यम्, शिवम्, सुंदरम् के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक, प्राचार्या ऊषा वत्स और प्राथमिक प्रभारी रितु उपस्थित रही। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और विद्यार्थियों को खेलों के महत्व के बारे में बताया। मंच का संचालन अध्यापिका शीतल द्वारा किया गया। निर्णायक की भूमिका अध्यापक बिजेंद्र सिंह ने निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत मार्च पास्ट से हुई, जिसमें सभी सदनों के मुखिया मनित, कृष्णा, अनीता व सदन अध्यापकों के साथ विद्यार्थियों ने भाग लिया। मार्च पास्ट में विद्यार्थियों ने अपनी एकता और अनुशासन का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, रिले रेस, खो-खो, रस्साकस्सी आदि खेलों में विद्यार्थियों ने अपनी गति, शक्ति और टीम वर्क का प्रदर्शन किया। प्राचार्या ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि वे आगे भी खेलों में भाग लेते रहें। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

*यूथ गेम्स राष्ट्रीय चैंपियनशिपः 2025 में शानदार प्रदर्शन*

## 100 मीटर में कनिष्क ने जीता सोना, उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** पदक विजेता कनिष्क को सम्मानित करते हुए शिक्षकगण। फोटो : हरिभूमि

यूथ गेम्स राष्ट्रीय चैंपियनशिपः 2025 में खानपुर कलां गांव स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल के उदीयमान धावक कनिष्क 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सबसे तेज दौड़े। कनिष्क ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करके स्वर्ण पदक जीत लिया। सोमवार को स्कूल में एमडी पंकज जाले और प्राचार्या प्रीति शर्मा ने पदक विजेता को सम्मानित किया। यूथ गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 26 से 28 दिसंबर को प्रताप स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, खरखौदा में यूथ गेम्स राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित की गई। चैंपियनशिप में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल, उत्तर प्रदेश, गुजरात और राजस्थान सहित अन्य राज्यों से खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की। खिलाड़ी कनिष्क ने कोच संदीप सहराया के मार्गदर्शन में इस चैंपियनशिप में अंडर-14 आयु वर्ग की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन नेपाल में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए कर लिया गयाा।

## दो गांवों में किसानों की बनाई एग्रीस्टैक आईडी



**विभाग ने गांव गढ़ी उजाले खां और गांव शामड़ी में शिविर लगाए**

**गोहाना।** राज्य सरकार द्वारा किसान आईडी बनाने का अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत सोमवार को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा गांव गढ़ी उजाले खां और गांव शामड़ी में शिविर लगाकर किसानों की एग्रीस्टैक आईडी बनाई गई। खंड कृषि अधिकारी गोहाना डॉ. जिनेन्द्र कुमार ने कहा कि किसान आईडी को एग्रीस्टैक नाम दिया गया है। यह एक डिजीटल कृषि इको सिस्टम है जो किसान का समग्र डाटाबेस तैयार करता है। इसमें किसान की पहचान, भूमि रिकार्ड, फसल विवरण, ऋण और बीमा इतिहास जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां शामिल होंगी। उनके अनुसार किसान को एक यूनिट आईडी मिलेगी, जिससे पीएम किसान, फसल बीमा, कृषि ऋण, सब्सिडी और अन्य सरकारी योजनाओं जैसे सभी लाभ सीधे किसान को उसके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से प्राप्त होंगे। शिविरों में एटीएम पिंकी, संदीप मलिक और सुपरवाइजर मोहित ने सेवाएं दी।

## विधायक से पेयजल लाइन तथा सीवरेज व्यवस्था शुरू करवाने की लगाई गुहार



**पुरानी बसी कॉलोनी में अब तक नहीं हुई मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता**

**सोनीपत।** रेड रोज कॉलोनी के निवासियों ने वार्ड 19 से संबंधित अपनी मूलभूत समस्याओं को लेकर विधायक निखिल मदान से मुलाकात की और कॉलोनी में पीने के पानी की लाइन तथा सीवरेज व्यवस्था शुरू करवाने की मांग रखी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह कॉलोनी वर्ष 2003 से आबाद है। पहले इसका नाम देवी लाल कॉलोनी था, लेकिन नगर निगम क्षेत्र में शामिल होने के बाद इसे रेड रोज कॉलोनी के नाम से जाना जाने लगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय बीत जाने के बावजूद यहां आज तक न तो पेयजल पाइपलाइन डाली गई है और न ही सीवरेज लाइन बिछाई गई है, जिसके कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निवासियों ने बताया कि सीवरेज व्यवस्था के अभाव में स्वच्छता संबंधी समस्याएं पैदा हो रही हैं और कई परिवारों को खुले में जाने जैसी मजबूरी झेलनी पड़ रही है। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से आग्रह किया कि इन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल कराया जाए और जल्द से जल्द विकास कार्य शुरू करवाए जाएं।

## स्वामी श्रद्धानंद के जीवन मूल्य और गुरुकुल परंपरा से प्रेरणा लेने का आह्वान



**आर्य समाज सेक्टर 14 में मनाया गयास्वामी श्रद्धानंद का बलिदान दिवस**

**सोनीपत।** स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान दिवस को रविवार को आर्यवीर दल के माध्यम से सेक्टर 14 स्थित आर्य समाज परिसर में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सार्वदेशिक आर्यवीर दल के प्रधान संचालक नंदकिशोर आर्य ने स्वामी श्रद्धानंद के जीवन, कार्य और राष्ट्र सेवा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि स्वामी श्रद्धानंद ने परतंत्रता के दौर में जालंधर में प्रथम कन्या गुरुकुल की स्थापना की थी, जब कन्याओं की शिक्षा के लिए कोई सुसंगठित व्यवस्था नहीं थी। वे विधवा विवाह के प्रबल समर्थक थे और गुरुकुल शिक्षा परंपरा के सशक्त प्रणेता रहे। स्वतंत्रता आंदोलन में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई और कुछ समय तक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे। कार्यक्रम में प्रधान व्यायाम शिक्षक ने गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों के बलिदान का उल्लेख करते हुए उपस्थित आर्यवीर और वीरांगनाओं को राष्ट्रहित में प्रेरित भाव से कार्य करने का संदेश दिया। आर्यवीर दल के जिला संचालक भगत सिंह ने विभिन्न संस्थाओं से आए आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## फाउंडेशन ने 689 बच्चों को जर्सी, जूते व जुराब बांटे



**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी सोनीपत के कार्यालय में भंडारा अब पढ़ाई के सामान का सेवा अभियान के अंतर्गत 689 जरूरतमंद बच्चों को जर्सी, जूते, जुराब व टोपी वितरित की गई। इस अवसर पर जिले के 63 सरकारी स्कूलों के अध्यापकों को आमंत्रित किया गया, जिन्हें जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया की अगुवाई में यह सामग्री सौंपी गई, ताकि जरूरतमंद बच्चों तक यह सहयोग पहुंच सके। संस्था के प्रधान संजय सिंगला एवं चेयरमैन वाईके त्यागी ने बताया कि सेफ इंडिया फाउंडेशन सर्दी के इस मौसम में बच्चों को ठंड से बचाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। इससे पूर्व पिछले सप्ताह संस्था द्वारा बधिर बच्चों के स्कूल में 72 बच्चों को भी जर्सी, जूते व जुराब वितरित किए गए थे। कार्यक्रम में सतीश ठेकेदार, मुख्य सहयोगी सोहन लाल जिंदल, संदीप बत्रा, पार्षद सुरेंद्र मदान, सरदार मोहन सिंह मनोचा, सरदार जसविंदर सिंह, अनिल धनखड़, राठी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने सेफ इंडिया फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया। अंत में संस्था ने इस अभियान में सहयोग देने वाले सभी दानदाताओं का हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया।

## गणित विषय को सरल, रोचक और प्रभावी बनाने के तरीकों की जानकारी दी



**राई।** ओम शांति विद्यालय में अध्यापकों की शिक्षण गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गणित विषय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजिंदर कौर एवं रिचा शर्मा, विद्यालय प्रबंधक आदित्य भारद्वाज तथा प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला के दौरान विषय विशेषज्ञों ने नवीन शिक्षण पद्धतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। गतिविधि आधारित शिक्षण, स्मार्ट क्लास तथा व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से गणित विषय को सरल, रोचक एवं प्रभावी बनाने के तरीकों की जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक कार्यशालाएं अध्यापकों को नवीन शैक्षणिक तकनीकों से अवगत कराने के साथ-साथ उनकी पेशेवर दक्षता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## निपुण हरियाणा मिशन के तहत सेंसस ग्रुपिंग असेसमेंट की शुरूआत

**बच्चों का परखा हिंदी विषय का ज्ञान और सीखने की क्षमता**

# 420 प्राथमिक स्कूलों में विद्यार्थियों की शैक्षणिक दक्षता पर महामंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को परखने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संकल्पों को सिद्ध करने के लिए सोमवार को एक विशेष शैक्षणिक अभियान का आगाज हुआ। शिक्षा विभाग की ओर से जिले के सभी 420 राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में दूसरे चरण के सेंसस ग्रुपिंग असेसमेंट की शुरुआत की गई। इस पहल के माध्यम से कक्षा पहली और तीसरी के हजारों विद्यार्थियों के हिंदी विषय के ज्ञान और उनके सीखने की क्षमता का सूक्ष्मता से ऑनलाइन मूल्यांकन किया गया। विद्यालय शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार आयोजित इस आकलन का मुख्य उद्देश्य निपुण हरियाणा मिशन को धरातल पर मजबूती प्रदान करना है। विभाग यह सुनिश्चित करना चाहता है कि प्राथमिक स्तर पर बच्चों की बुनियादी साक्षरता और भाषा पर पकड़ कितनी प्रभावी है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए सोनीपत के विभिन्न खंडों में स्थित प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में हिंदी विषय पर केंद्रित इस परीक्षा का आयोजन निपुण हरियाणा टीचर एप के माध्यम से किया गया।

### निष्पक्षता के लिए शिक्षकों को रखा गया दूर

मूल्यांकन की प्रक्रिया को पूरी तरह से निष्पक्ष और त्रुटिहीन बनाए रखने के लिए विभाग ने विशेष रणनीति अपनाई। जिस विद्यालय में परीक्षा आयोजित हुई वहां के प्रबंधकों और संबंधित कक्षा के शिक्षकों को इस प्रक्रिया से पूरी तरह दूर रखा गया। इसके स्थान पर जिले के प्रशिक्षित टीजीटी और पीजीटी शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई जिन्होंने बाहरी पर्यवेक्षक के तौर पर अलग अलग विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों का ऑनलाइन आकलन किया।

### लक्ष्य और उपस्थिति का गणित

इस दो दिवसीय शैक्षणिक अभियान के लिए शिक्षा विभाग ने व्यापक स्तर पर लक्ष्य निर्धारित किए हैं। असेसमेंट के पहले दिन कक्षा पहली के 6859 और तीसरी के 7639 विद्यार्थियों के मूल्यांकन का लक्ष्य था। हालांकि देर शाम तक जिला शिक्षा विभाग निदेशालय की वेबसाइट पर दर्ज हुई वास्तविक उपस्थिति का सटीक विवरण जुटाने में प्रयासरत रहा लेकिन शुरुआती रुझान उत्साहजनक बताए जा रहे हैं।

### गणित की कसौटी पर परीक्षा कल

हिंदी विषय के आकलन के पश्चात अब मंगलवार 30 दिसंबर को इन नन्हे विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता की बारी है। दूसरे दिन कक्षा पहली और तीसरी के विद्यार्थियों का गणित विषय पर आधारित असेसमेंट लिया जाएगा। यह प्रक्रिया भी निपुण हरियाणा टीचर एप के माध्यम से संपन्न होगी। शिक्षा विभाग का मानना है कि इस दो दिवसीय अभ्यास से न केवल विद्यार्थियों की बुनियादी योग्यता का वास्तविक दर्पण सामने आएगा बल्कि भविष्य की शैक्षणिक योजनाओं को तैयार करने में भी ठोस सहायता मिलेगी।

### सफलता पूर्वक संपन्न

जिलाभर के सभी प्राथमिक विद्यालयों में मूल्यांकनकर्ताओं, टीजीटी व पीजीटी के सहयोग से दूसरे चरण की हिंदी विषय पर सेंसस ग्रुपिंग असेसमेंट सफलता पूर्वक संपन्न की गई। इस अभ्यास के माध्यम से न केवल विद्यार्थियों की शैक्षिक स्थिति का जाना जा सकेगा, बल्कि शिक्षकों को अपनी शिक्षण पद्धति को और प्रभावी बनाने का अवसर मिलेगा। असेसमेंट में पहले कितने विद्यार्थियों ने भाग लिया, यह डाटा सीधे निदेशालय की वेबसाइट पर पहुंचा है। 30 दिसंबर को गणित विषय पर असेसमेंट में भी नियमों का पालन किया जाएगा।
**-रचना बाना**, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

## खबर संक्षेप




### क्लर्क पद से नरेंद्र हुए सेवानिवृत्त

**सोनीपत।** ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत में क्लर्क पद से सेवानिवृत्त हुए नरेंद्र शर्मा के 29 वर्षों की दीर्घ, उत्कृष्ट एवं प्रशंसनीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने के अवसर पर एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने भावभीनी विदाई देते हुए उनके योगदान को स्मरण किया।

### 83 नागरिकों ने बटोरा रक्तदान का पुण्य

**गोहाना।** सोमवार को शहर में आयोजित दो रक्तदान शिविरों में 83 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। शिविरों में 12 नागरिकों ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला। रक्तदाताओं ने इस सेवा से दूसरे लोगों को रक्तदान की प्रेरणा दी। भाग राम ट्रस्ट के साप्ताहिक रक्तदान शिविर में 44 नागरिकों ने रक्तदान किया। हर सप्ताह की भांति यह शिविर सोनीपत मार्ग टी-प्वाइंट पर स्थित भगवान परशुराम चौक में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा खानपुर मंडल के अध्यक्ष जस्सी खुराना और विशिष्ट अतिथि सरदार पंकज सिंह रहे।

# अलविदा 2025

# नगर निगम के लिए मिली-जुली यादें लेकर जा रहा है यह साल

**1** शहर की सूरत बदलने के लिए डिजिटल तकनीक का लिया गया सहारा, समस्याओं ने छुड़ाए प्रशासन के पसीने

**2** सड़क और सीवर की बदहाली के कारण जनता के आक्रोश का भी करना पड़ा सामना

**3** प्रोपर्टी आईडी में त्रुटियां बनी थी बहुत बड़ी परेशानी, विशेष कैंपों से मिली थी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम सोनीपत के लिए विदा होता वर्ष 2025 बदलाव और संघर्ष की मिली जुली यादें लेकर आया है। इस एक साल के दौरान शहर की सूरत बदलने के लिए जहां डिजिटल तकनीक का सहारा लिया गया वहीं बुनियादी ढांचे से जुड़ी समस्याओं ने प्रशासन के पसीने भी छुड़ाए। यह साल विशेष रूप से अंत्योदय 2.0 और आनलाइन सिस्टम के नाम रहा जिसने सरकारी सेवाओं के प्रति आम जनता के नजरिए को बदलने का काम किया है। पूरे साल नगर निगम कभी अपनी नई योजनाओं को लेकर चर्चा में रहा तो कभी सड़क और सीवर की बदहाली के कारण उसे जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ा। इस साल सोनीपत नगर निगम ने अपनी कार्यप्रणाली में बड़ा डिजिटल बदलाव किया। अंत्योदय 2.0 के क्रियान्वयन से सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्तियों तक पहुंचना शुरू हुआ। इससे पहले की व्यवस्था में बिचौलियों का बोलबाला रहता था लेकिन नई तकनीक ने इस दीवार को गिरा दिया है। अब पात्र परिवारों को अपनी सुविधाओं के लिए किसी दलाल के चक्कर नहीं काटने पड़ते। इसी तरह आनलाइन रजिस्ट्री प्रणाली ने संपत्ति के खेल में होने वाली धोखाधड़ी पर लगाम कसी है। अब नागरिक अपने घरों से ही पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं जिससे भ्रष्टाचार की संभावनाएं न्यूनतम हो गई हैं। जैसे ही यह साल समाप्त हो रहा है सोनीपत नगर निगम के पास अपनी उपलब्धियों पर गर्व करने और अपनी कमियों से सीखने का पर्याप्त अवसर है। अंत्योदय 2.0 और सीएफसी का पुनर्जीवित होना एक अच्छी शुरुआत है लेकिन ड्रेन नंबर 6 की सफाई और पुराने सीवर नेटवर्क का आधुनिकीकरण अभी भी एक बड़ी चुनौती है। आने वाले साल में यह देखना दिलचस्प होगा कि प्रशासन इन योजनाओं को कितनी निरंतरता दे पाता है।




**आनलाइन रजिस्ट्री प्रणाली ने संपत्ति के खेल में होने वाली धोखाधड़ी पर लगाम कसी**

### सिटी फसिलिटेशन सेंटर की वापसी

*नगर निगम ने इस साल अपनी रुकी हुई योजनाओं को फिर से चालू करने पर जोर दिया। दो साल पहले शुरू किए गए सिटी फसिलिटेशन सेंटर यानी सीएफसी जो स्टाफ की कमी के चलते बंद होने की कगार पर थे उन्हें दोबारा चालू करना एक बड़ा कदम रहा। मेयर राजीव जैन के प्रयासों से इन केंद्रों को नया जीवन मिला है। अब कौशल रोजगार निगम के माध्यम से नए कर्मचारियों की नियुक्ति कर 10 वार्डों में ये सेंटर फिर से जनता की सेवा के लिए तैयार हैं।*

### तीन दशक पुरानी सीवर लाइन का धंसना प्रशासन के लिए चेतावनी साबित हुआ

*डिजिटल सुधारों के बीच जमीनी हकीकत ने भी निगम को खूब छकाया। महलाना रोड पर तीन दशक पुरानी सीवर लाइन का धंसना प्रशासन के लिए एक बड़ी चेतावनी साबित हुआ। इससे शहर का यातायात कई दिनों तक बाधित रहा लेकिन निगम ने मुस्तैदी दिखाते हुए इसकी मरम्मत करवाई। सीवर और पानी के मुद्दे पर जहां एक तरफ चुनौतियां थीं वहीं गढ़ी ब्राह्मणान जैसी कालोनियों के लिए राहत की खबर भी आई। दशकों के इंतजार के बाद यहां नहरी पानी की आपूर्ति शुरू हुई जो साल की बड़ी उपलब्धियों में गिनी जा रही है। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और बूस्टिंग स्टेशनों के नियमित निरीक्षण से शहर में पेयजल की गुणवत्ता में भी सुधार देखा गया है।*

### स्वच्छता और सार्वजनिक सुविधाएं संशय में

*शहर की स्वच्छता और सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति इस साल निरंतर समीक्षा के घेरे में रही। ड्रेन नंबर 6 जो कभी गंदगी का केंद्र बनी हुई थी वहां अब शनिवार के विशेष अभियानों के चलते बदलाव दिखने लगा है। शनि मंदिर के पास की दीवारों पर की गई चित्रकारी ने गंदगी के ढेर को सुंदरता में बदल दिया है। सार्वजनिक शौचालयों के मुद्दे पर मेयर और सह आयुक्त ने खुद कमान संभाली। बंद पड़े शौचालयों को चालू करने और वहां पानी व बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। महिला सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए शौचालयों में बुनियादी संसाधनों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया गया है।*

### प्रापर्टी आईडी की जंग और समाधान

साल की सबसे बड़ी चुनौती प्रापर्टी आइडी में मौजूद त्रुटियां रहीं। हजारों नागरिक अपने नाम और क्षेत्रफल को सही कराने के लिए निगम के चक्कर काटते नजर आए। हालांकि प्रशासन ने समय रहते इस स्थिति को संभाला और वार्ड स्तर पर विशेष कैंपों का आयोजन किया। इन कैंपों के माध्यम से मौके पर ही दस्तावेजों की कमियां दूर की गईं और नागरिकों को बड़ी राहत मिली। सरलीकरण की इस प्रक्रिया ने जनता के बीच निगम की छवि को सुधारने में मदद की लेकिन धीमी प्रक्रिया को लेकर साल के मध्य में कुछ नाराजगी भी देखी गई।

### ज्ञान नगर और रेलवे का विवाद

साल के अंतिम महीनों में ज्ञान नगर बस्ती के नागरिकों पर संकट के बादल छाए रहे। हाई स्पीड ट्रेन परियोजना के चलते रेलवे द्वारा मकानों को तोड़ने के नोटिस दिए गए और मौके पर भारी मशीनरी पहुंच गई। इस संवेदनशील मुद्दे पर नगर निगम ने राजनीतिक और प्रशासनिक सूझबूझ का परिचय दिया। मेयर के हस्तक्षेप के बाद इस कार्रवाई को रुकवाया गया। निगम ने रास्ते के समाधान के लिए रेलवे को अपनी जमीन देने का जो प्रस्ताव भेजा था उसने सैकड़ों परिवारों को बेघर होने से बचा लिया। यह मुद्दा पूरे जिले में साल की सबसे बड़ी राहत के रूप में चर्चा में रहा।

## न्यूज डायरी

### पुण्य कर्मों के उदय होने पर भागवत सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता : साध्वी

**गन्नौर।** श्रीशिव मंदिर सनातन धर्म सभा गन्नौर द्वारा आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन सोमवार को कथावाचक साध्वी समाहिता ने शुकदेव आगमन का वृत्तांत सुनाया। यह सुन भक्त भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर पूर्व सांसद रमेश कौशिक, पूर्व जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा, निगम पार्षद पुनीत त्यागी ने शिरकत की और कथावाचक साध्वी समाहिता का आशीर्वाद प्राप्त किया। साध्वी समाहिता ने बताया कि मनुष्य के जन्म जन्मांतर के पुण्य कर्मों के उदय होने पर भागवत सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। क्योंकि भागवत रूपी गंगा की धारा पवित्र और अपनी निर्मलता के कारण पापियों को तार देती है। उन्होंने कहा कि मुनि वेद व्यास के पुत्र शुकदेव ने महाराजा परीक्षित को श्रीमद्भागवत कथा का ज्ञान दिया था। उन्होंने कहा कि भागवत कथा कल्पवृक्ष के समान होने के साथ मोक्ष का मार्ग प्रदान करती है। श्रीशिव मंदिर सनातन धर्म सभा एवं गन्नौर नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, जयपाल शर्मा, सुशील त्यागी, राजेंद्र त्यागी, विनोद शर्मा आदि कथा में सहयोग दे रहे हैं।


**गन्नौर।** पूर्व सांसद रमेश कौशिक को आशीर्वाद स्वरूप स्मृति चिह्न भेंट करती कथावाचक साध्वी समाहिता।


**गन्नौर।** बाल विवाह के विरुद्ध प्रतिज्ञा लेते नव ज्योति शिक्षा सदन के विद्यार्थी।

### बाल विवाह के विरुद्ध नव ज्योति शिक्षा सदन में विद्यार्थियों ने ली प्रतिज्ञा

**गन्नौर।** खुबड़ू-भांवर स्थित नव ज्योति शिक्षा सदन में बाल विवाह के विरुद्ध प्रतिज्ञा समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत सीबीएसई के निर्देशों के अनुसार आयोजित हुआ। विद्यालय के अध्यापकों एवं नर्सरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से बाल विवाह न करने और इसके विरुद्ध समाज को जागरूक करने की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम के दौरान कक्षा चौथी से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने बाल विवाह के विरोध में पोस्टर व संदेश तैयार किए तथा कुछ विद्यार्थियों ने इसके दुष्परिणामों पर प्रस्ताव लेखन कर अपने विचार व्यक्त किए। प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक ने कहा कि बाल विवाह समाज की प्रगति में बड़ी बाधा है और इसे समाप्त करना सभी का दायित्व है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापकों का सहयोग रहा।

### पहाड़ों की सुरक्षाः अरावली निर्णय पर रोक वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल

**सोनीपत।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 20 नवम्बर को अरावली की परिभाषा को 100 मीटर से अधिक ऊंची पहाड़ियों तक सीमित करने वाले पूर्व निर्णय पर रोक लगा देने से पर्यावरणविदों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की मुहिम को मजबूती मिली है। वन कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रवक्ता आनंद शर्मा और पूर्व प्रधान जीवन सिंह ने प्रेस बयान में कहा कि विभिन्न वानिकी योजनाओं के बावजूद वन क्षेत्र नहीं बढ़ा, जबकि वर्ष 2019-20 में ही 140 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र घट गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ अधिकारी बिना जवाबदेही के न तो वानिकी कार्य कर रहे हैं और न ही प्रशासनिक जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। सेवानिवृत्त कर्मचारियों पर अनियमित वसूलियां डालकर उनके लाभ रोके जाने के उदाहरण रोहतक और चरखी दादरी वन मंडलों में दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि वन संपदा की चोरी और पौधारोपण नष्ट होने के बावजूद जिम्मेदारी तय न होना गंभीर चिंता का विषय है। वन कर्मचारी संघ ने सरकार से विभागीय व्यवस्था की व्यापक समीक्षा और उच्च स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की है।


आनंद शर्मा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

## विधायक ने जनता दरबार में सुनीं लोगों की समस्याएं

- 200 शिकायतों में से 155 का मौके पर समाधान, बाकी मामलों के लिए अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को कार्यालय में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। विधायक ने कई शिकायतों का मौके पर निपटारा किया और शेष मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दरबार में अगवानपुर ग्राम के ग्रामीणों ने कहा कि अगवानपुर से खानपुर तक की बस सेवा बंद हो गई है, इसे जल्द पुनः शुरू किया जाए। गांव के स्टेडियम में छह माह पहले लगाए गए ट्यूबवेल को चालू कराने की मांग भी उठी। ग्रामीणों ने बिजली सेंटर पर रखे कंप्लेंट रजिस्टर में व्यवधान के कारण शिकायत दर्ज कराने में परेशानी होने की बात कही। शहर के वार्ड 14 के कॉलोनीवासियों ने गली निर्माण की मांग पत्र के माध्यम से प्रस्तुत की। पटेल नगर के लोगों ने भी करीब 200 मीटर गली का निर्माण कराने की गुहार लगाई।


**गन्नौर।** विधायक देवेन्द्र कादियान दरबार में लोगों की समस्या सुनते हुए।

### ये शिकायतें भी प्राप्त

गढ़ी झंझारा के सुभाष ने ज्ञापन में बताया कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला जफरपुर मुस्लिम स्कूल में एजुसेट चौकीदार के पद पर थे। स्कूल की बिल्डिंग जर्जर होने के कारण इसे गढ़ी झंझारा स्थित राजकीय स्कूल में स्थानांतरित कर दिया गया, लेकिन उनका स्थानांतरण नहीं किया गया और नौकरी से हटा दिया गया। उन्होंने फिर से चौकीदार के पद पर नियुक्ति की मांग की। विधायक कादियान ने बताया कि सुबह 11 बजे से दोपहर 5 बजे तक कुल 200 शिकायतें सुनी गईं, जिनमें से 155 का मौके पर समाधान किया गया। बाकी मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों को जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।


**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी एसीपी गीता फोगाट का स्वागत करते एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### एसीपी गीता फौगाट का औद्योगिक एसोसिएशन ने किया स्वागत

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी एसीपी गीता फोगाट का एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन ने स्वागत किया। इस अवसर पर औद्योगिक क्षेत्र की सुरक्षा, श्रमिकों से जुड़े मुद्दों तथा रात्रि गश्त बढ़ाने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान एसोसिएशन पदाधिकारियों ने कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने, चोरी व असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने तथा उद्योगों के सुचारु संचालन के लिए पुलिस सहयोग बढ़ाने का आग्रह किया। एसीपी गीता फोगाट ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक, महासचिव हरप्रीत सिंह, निशांत गोयल, हरीश कौशिक, सुरेंद्र सिंह, अमित त्यागी, राहुल त्यागी व दिवांश शर्मा मौजूद रहे।

## जिप ने जफरपुर और भौरा रसुलपुर में पानी के टैंक ग्रामीणों को किए समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर।

जिला परिषद के वार्ड अंतर्गत गांव जफरपुर एवं भौरा रसुलपुर में पानी की समस्या के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिला पार्षद पिंकी छौक्कर द्वारा ग्रामीणों को दो पानी के टैंक समर्पित किए गए। पार्षद प्रतिनिधि एवं मार्किट कमेटी के चेयरमैन निशांत छौक्कर विशेष रूप से मौजूद रहे। ग्रामीणों ने जिला पार्षद पिंकी छौक्कर एवं निशांत छौक्कर का फूलमालाओं से स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से पानी की समस्या बनी हुई थी,अब पानी के टैंक मिलने से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पार्षद प्रतिनिधि निशांत छौक्कर ने कहा कि उनका निरंतर प्रयास है कि चुनाव के समय ग्रामीणों से किए गए सभी वायदों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि वार्ड के विकास को प्राथमिकता देते हुए मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। पानी जैसी बुनियादी आवश्यकता को देखते हुए जफरपुर और भौरा रसुलपुर में पानी के टैंक दिए गए हैं, ताकि लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। इस मौके पर रोहताश छिक्कारा, सुखबीर प्रजापत, कमलनाथ सरपंच, रामनिवास ब्लाक समिति सदस्य, सूरजभान छौक्कर, जयबीर छौक्कर, वकील, बुंदु ठेकेदार आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।


**गन्नौर।** पार्षद प्रतिनिधि एवं मार्किट कमेटी के चेयरमैन निशांत छौक्कर पानी के टैंक ग्रामीणों को सौंपते हुए।

### रुक्मिणी देवी स्कूल में उत्साहपूर्ण से मनाया पैरेंट्स रैम्प वॉक और क्रिसमस उत्सव

**राई।** रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल में क्रिसमस उत्सव व पैरेंट्स रैम्प वॉक उत्साहपूर्ण से मनाया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया। विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही। मुख्य आकर्षण पैरेंट्स रैम्प वॉक रही,अभिभावकों ने उत्साह के साथ भाग लेकर सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग नृत्य कार्यक्रमों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। बच्चों और अभिभावकों के लिए आयोजित मनोरंजक खेलों ने आयोजन बेहतर बनाया। छोटे बच्चों के लिए विशेष रूप से सांता क्लॉज का आगमन आकर्षण का केंद्र रहा। बच्चों ने सांता क्लॉज के साथ सेल्फी ली और उपहार प्राप्त कर खुशी से झूम उठे। प्राचार्य डॉ. प्रवीन गुप्ता ने कहा कि आयोजन विद्यालय और समुदाय के बीच आपसी सहयोग, सौहार्द और सकारात्मकता को बढ़ावा देते हैं।


**राई।** कार्यक्रम प्रस्तुत करते रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल के नन्हें छात्र। फोटो : हरिभूमि



### भारतीय स्टेट बैंक ने 50 साइकिल की वितरित

**सोनीपत।** भारतीय स्टेट बैंक द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बड़मालिक बीस्वामिल में कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दीपेश राज, महाप्रबंधक, नेटवर्क-2, तपन शर्मा, उप महाप्रबंधक (प्रशासनिक), एनसीआर हरियाणा तथा नरेंद्र कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक, सोनीपत-कुंडली उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र खापरा सहित एसबीआई अधिकारी ज्योति त्यागी, गगन चावला एवं लवली भी मौजूद रहे।

**समस्या** विधायक कृष्णा गहलावत ने अधिकारियों से बात कर समाधान का दिया आश्वाशन

## दीपालपुर के लोगों ने की निगम से गांव के हटने के बाद पंचायत फंड वापस दिलाने की मांग

ग्रामीणों ने रुके हुए भुगतान सड़क, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

विधायक कृष्णा गहलावत से दीपालपुर गांव के ग्रामीणों ने निगम में शामिल होने के बाद रुके हुए भुगतान, बाढ़ मुआवजा, सड़क, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। लोगों ने विधायक को अवगत कराया कि जब उनका गांव नगर निगम में शामिल किया गया था, उस समय निगम द्वारा उनकी जमीन और धनराशि ली गई थी। बाद में उनकी जमीन तो उन्हें वापस मिल गई, लेकिन निगम के पास गया उनका पैसा आज तक वापस नहीं किया गया। ग्रामीणों ने विधायक से आग्रह किया कि वे संबंधित विभाग से बात कर उनकी जमा धनराशि उन्हें दिलवाई जाए।


**राई।** दीपालपुर के ग्रामीण मास्टर सतनारायण आंतिल के साथ विधायक को समाधान पत्र देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बाढ़ के कारण खराब फसलों के मुआवजे की मांग

यमुना के समीप के लोगों ने यमुना में आई बाढ़ के कारण खराब हुई फसल के मुआवजे की मांग की। विधायक कृष्णा गहलावत ने ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर सत्यनारायण मास्टर, जयवीर मच्छरोला, कालू दीपालपुर, नरेंद्र खेवड़ा, अमन नाहरा, कृष्ण मुरथल, महावीर बड़ोली, किरण बाला, अमरजीत मेहंदीपुर, नीरज रेवली बरोटा, सुरेंद्र कला आदि मौजूद थे।

### भैरा बाकीपुर के ग्रामीणों ने जल आपूर्ति के ट्यूबवेल लगाने के प्रस्ताव के विरोध को लेकर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

ग्राम भैरा बाकीपुर के ग्रामीणों द्वारा विधायक को ज्ञापन देकर गांव की भूमि पर कुंडली क्षेत्र को जल आपूर्ति देने हेतु ट्यूबवेल व जल परियोजना स्थापित किए जाने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि ग्राम सभा की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर कुंडली क्षेत्र हेतु ग्राम की भूमि पर किसी भी प्रकार की जल परियोजना को अस्वीकार किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम की भूमि एवं भू-जल संसाधन वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यदि इन संसाधनों का उपयोग बाहरी क्षेत्रों के लिए किया गया, तो इससे ग्राम में भविष्य में गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न होने की प्रबल आशंका है। इस अवसर पर बलदेव चौहान, राजेंद्र चौहान, रमेश थानेदार, मनोज चौहान (ब्लॉक समिति सदस्य), संजय प्रधान, मनीष एडवोकेट, टेकचंद, बाबू, रामकिशन, सुरेंद्र, दौलत राम भारद्वाज आदि मौजूद थे।


**राई।** ग्राम भैरा बाकीपुर के ग्रामीण विधायक को प्रस्ताव के विरोध व समाधान की कापी देते हुए। फोटो : हरिभूमि